


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 14 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 125 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## थाईलैंड में हुआ भीषण हादसा! चलती ट्रेन पर गिरी विशाल निर्माण क्रेन, 19 यात्रियों की मौत



**नई दिल्ली।** थाईलैंड में एक बेहद दर्दनाक और असामान्य ट्रेन दुर्घटना की खबर सामने आई है। राजधानी बैंकॉक से देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से की ओर जा रही एक यात्री ट्रेन पर अचानक एक विशाल निर्माण क्रेन (Construction Crane) गिर गई। इस हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई है और 80 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। थाई पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर गति में थी। रेल पटरी के पास चल रहे एक निर्माण कार्य के दौरान अचानक एक भारी-भरकम क्रेन अनियंत्रित होकर सीधे ट्रेन के डिब्बों के ऊपर गिर गई। ट्रेन थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से देश के उत्तर-पूर्वी इलाके की ओर जा रही थी।

## सिद्धारमैया का राहुल गांधी को संदेश! कर्नाटक में 'पावर गेम' के भ्रम को खत्म करें



**बंगलूरु।** कर्नाटक की राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा राहुल गांधी से स्पष्टीकरण मांगने की खबर चर्चा में है। सूत्रों के हवाले से बताया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से सफाई मांगी है, और कहा है कि राज्य में सत्ता संघर्ष को लेकर 'लगातार कन्फ्यूजन' बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, सिद्धारमैया ने कहा कि वह अपना कैबिनेट विस्तार करना चाहते हैं और नेतृत्व परिवर्तन की अफवाहों के बीच राहुल गांधी से मुलाकात करना चाहते हैं। यह घटनाक्रम कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भीतर नेतृत्व तनाव को लेकर लगातार अटकलों के बीच आया है, जबकि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने बार-बार किसी भी आंतरिक संकट से इनकार किया है।

## बीच सड़क पर निकली तलवार, दो कार चालकों में हुई भयंकर लड़ाई

**चंण्डीगढ़।** हरियाणा के सिरसा में सड़क पर हुई झड़प की एक चौंकाने वाली घटना में, सोमवार को रास्ता देने को लेकर हुआ विवाद हिंसक टकराव में तब्दील हो गया। यह घटना जगदेव सिंह चौक पर घटी, जहां दो कार चालकों के बीच तीखी बहस हुई। झड़प तब और बढ़ गई जब एक कार चालक ने तलवार निकालकर दूसरे वाहन पर हमला कर दिया और सबके सामने उसकी खिड़कियां तोड़ दीं। इसके जवाब में दूसरे समूह ने भी कार में तोड़फोड़ की, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। यह हिंसक झड़प लगभग 20 मिनट तक चली, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। पूरी घटना आसपास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलते ही सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और झड़प में शामिल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के घर में आग लगी, मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचे



**नई दिल्ली।** बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास पर आग लग गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक, घटना की सूचना सुबह 8:05 बजे 21 मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड पर मिली। हालांकि शुरुआती अलर्ट में घर नंबर 2 बताया गया था, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि आग प्रसाद के घर नंबर 21 में लगी थी। सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की कई गाड़ियाँ मौके पर भेजी गईं। गनीमत यह रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 54 अंक टूटा, निफ्टी 25800 के नीचे



**नई दिल्ली।** विदेशी निधियों की लगातार निकासी और वैश्विक टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों के बाजार से दूर रहने के कारण बुधवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी अस्थिरता देखी गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 53.88 अंक गिरकर 83,573.11 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.55 अंक गिरकर 25,719.25 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे मजबूत होकर 90.12 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एशियन पेंट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, सन फार्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वहीं, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक लाभ कमाने वालों में शामिल थे।

# महंगाई की दस्तक!

**● थोक महंगाई आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंची**

**नई दिल्ली।** भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2025 में तेज उछाल के साथ 0.83% पर पहुंच गई है, जो बीते आठ महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में जहां थोक महंगाई 0.32% के संकुचन में थी, वहीं दिसंबर में यह सकारात्मक दायरे में लौट आई। यह बढ़ोतरी बाजार विशेषज्ञों के 0.30% के अनुमान से कहीं अधिक रही।

थोक महंगाई में आई इस तेजी के पीछे विनिर्माण, खनिज और खाद्य उत्पादों की कीमतों में हुआ बदलाव प्रमुख कारण माना जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति नवंबर के 1.33% से बढ़कर दिसंबर में 1.82% हो गई। मशीनरी, उपकरण, कपड़ा और अन्य औद्योगिक उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी ने इसमें अहम योगदान दिया।खाद्य वस्तुओं के मोर्चे पर भी राहत कम होती दिखी। नवंबर में जहां खाद्य कीमतों में 2.60% की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं दिसंबर में यह घटकर शून्य (0.00%) पर आ गई। इससे समग्र थोक सूचकांक को सहारा मिला। वहीं, प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति नवंबर के -2.93% से सुधरकर दिसंबर में 0.21% पर पहुंच गई। खाद्य क्षेत्र में डिफ्लेशन की तीव्रता कम होने से महंगाई पर दबाव बढ़ा है। हालांकि सब्जियों की कीमतों में सालाना आधार पर 3.5% की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह नवंबर में हुई 20.23% की गिरावट के मुकाबले काफी कम है। प्याज की कीमतों में गिरावट की रफ्तार भी घटकर 54.40% रह गई, जो नवंबर में 64.70% थी। आलू की कीमतों में 38.21% और दालों में 13.88% की कमी दर्ज की गई,



जबकि दूध की कीमतों में 3.23% की सालाना बाढ़ोतरी देखने को मिली।

थोक महंगाई के साथ-साथ खुदरा मुद्रास्फीति भी दिसंबर में बढ़कर 1.3% के तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो नवंबर में 0.7% थी। इसके बावजूद यह लगातार चौथा महीना रहा, जब महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के 4% के लक्ष्य से नीचे बनी रही। हाल ही में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 5.25% कर दिया है।

## तालाब में डूबने से एक युवक समेत चार बच्चों की मौत, मचा कोहराम

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। पुरामुफ्ती थाना इलाके के केशवपुर कुसुआ गांव में एक तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। घटना बुधवार को हुई, जब गांव के ही रहने वाले एक युवक के साथ तीन बच्चे तालाब के पास खेल रहे थे। बच्चों की उम्र 10 से 11 वर्ष बताई जा रही है। मृतक युवक गांव का ही निवासी था, और उसके साथ तीन अन्य बच्चे भी थे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बच्चे तालाब के किनारे खेल रहे थे। बच्चों के कपड़े और चप्पल तालाब के पास ही पड़े मिले, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वे खेलते-खेलते अचानक तालाब में चले गए और किसी को कुछ पता नहीं चला। जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें प्रतीक सोनकर (12), प्रिंस सोनकर (10), करण सोनकर (19) और प्रियांशु सोनकर (11) पुत्र स्व. संदीप सोनकर हैं।

## पोंगल पर केन्द्रीय मंत्री के घर पहुंचे पीएम मोदी की गौ सेवा



**● कहा-तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन के निवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने गौ सेवा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने बताया कि पोंगल लोगों को यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें प्रेरित करता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित न रहे। उसे हम जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। जब ये धरती हमें इतना कुछ देती है तो उसे संजोने का दायित्व भी हमारा है। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा आज पोंगल एक वैश्विक त्योहार बन गया है। पिछले साल मुझे तमिल संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला।

## सबरीमाला में सोने के बाद अब घी घोटाला? जांच का आदेश दिया

**तिरुवनंतपुरम।** सबरीमाला मंदिर में सोने के चोरी मामले के बाद अब घी घोटाले का मामला सामने आया है। केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को नैय्याभिषेकम के बाद बचे 'आदिया सिष्टम घी' की बिक्री से 35 लाख रुपये की कथित गड़बड़ी की जांच के लिए विजिलेंस टीम गठित करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट की बेंच न्यायमूर्ति वी राजा विजयाराघवन और के.वी. जयकुमार ने यह आदेश तब दिया जब सबरीमाला विशेष आयुक्त ने रिपोर्ट सौंपकर घी की बिक्री से जुड़े धन का विस्तृत विजिलेंस जांच की मांग की थी।

## एकादशी पर संगम तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेले ने अपने एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर लिया है। एकादशी के पावन अवसर पर संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद देश के कोने- कोने से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम (गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के मिलन स्थल) पर आस्था की डुबकी लगाई। ताजा तस्वीरों में दिख रहा है कि श्रद्धालु बड़ी संख्या में पवित्र स्नान करने के लिए आ रहे हैं, जबकि प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा और लगातार पुलिस निगरानी लागू की है।

**● मकर संक्रांति स्नान के लिए प्रशासन मुस्तैद, किए गये व्यापक बंदोबस्त**

इस मौसम का दूसरा बड़ा स्नान, मकर संक्रांति स्नान, 15 जनवरी को होगा। 3 जनवरी को सफल पौष पूर्णिमा स्नान के बाद, जिसमें 31 लाख से ज़्यादा श्रद्धालु आए थे, अब 1 करोड़ से ज़्यादा तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद के लिए तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। अधिकारियों ने अपेक्षित भीड़ को संभालने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। पार्किंग ज़ोन भी स्नान स्थलों के पास बनाए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने विधवा बहू को दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनुस्मृति का हवाला देते हुए विधवा बहू को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने अहम फैसले में कहा कि अगर किसी महिला के ससुर की मौत हो जाए, उसके बाद वह विधवा हो जाती है, तब भी वह अपने ससुर की संपत्ति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। यह फैसला हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956) के तहत दिया गया है। पहले यह भ्रम था कि अगर बहू ससुर के जी-ते जी विधवा हो जाए तो उसे गुजारा भत्ता मिलता है, लेकिन ससुर की मौत के बाद वो विधवा होती है तो उसे गुजारा भत्ता नहीं मिलेगा।

# शिक्षा के अधिकार कानून के अमल पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**● सभी स्कूलों में 25% सीटें हों आरक्षित**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया कि निजी गैर-सहायता, प्राप्त गैर-अल्पसंख्यक स्कूलों में आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए प्रवेश में 25 प्रतिशत कोटा लागू हो। न्यायालय ने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में गरीब बच्चों को प्रवेश देना 'एक राष्ट्रीय मिशन होना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के भाईचारा का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है कि जब एक रिक्शा खींचने वाले का बच्चा, एक करोड़पति या सुप्रीम कोर्ट के जज के बच्चे के साथ स्कूल में पढ़े। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रक्रिया शुरू की है कि सभी स्कूल शिक्षा के अधिकार कानून के तहत गरीब और वंचित तबके के बच्चों के लिए 25प्रतिशत सीटें मुफ्त में आरक्षित करें।

## महाराष्ट्र में निकाय चुनव के लिए मतदान कल, 16 को नतीजे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों के मतदान के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी, 2026 को कराए जाएंगे। यह चुनाव एक ही चरण में होंगे। मतदाता चुनाव में आसानी से वोट कर सकें इसके लिए सार्वजनिक अवकाश की भी घोषणा की गई है। ग्रेटर मुंबई के सभी पोलिंग स्टेशनों पर सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक वोटिंग होगी। नतीजे 16 जनवरी, 2025 को घोषित किए जाएंगे।

# ईरान में अब तक 2,571 प्रदर्शनकारियों की मौत!

**● मानवाधिकार संस्था के दावे से हड़कंप**



**नई दिल्ली।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों और सुरक्षा बलों की कार्रवाई ने अब तक का सबसे भयावह रूप ले लिया है। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संस्था 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी' (HRANA) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में हिंसक झड़पों और दमन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,571 हो गई है। यह आंकड़ा हाल के वर्षों में ईरान में हुए किसी भी प्रदर्शन के मुकाबले कहीं अधिक और चिंताजनक है। यह एजेंसी हाल के वर्षों में हुई हिंसक घटनाओं के दौरान सटीक जानकारी देने के लिए जानी जाती रही है और ईरान में मौजूद अपने समर्थकों के जरिए सूचनाओं का सत्यापन करती है। संस्था ने कहा कि मरने वालों में 2,403 प्रदर्शनकारी हैं और 147 सरकारी कर्मी हैं। संस्था ने बताया कि मारे गए लोगों में 12 बच्चे और नौ आम नागरिक भी शामिल हैं जो प्रदर्शनों में शामिल नहीं थे।

संस्था ने बताया कि 18,000 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में प्रदर्शन के कारण इंटरनेट बंद है जिससे स्थिति का सटीक आकलन करने में मुश्किल हो रही है।



जनमुख
हिन्दी दैनिक
city
● तापमान अधिकतम : 20.0C
● तापमान न्यूनतम : 20.0C
● सूर्योदय : 06.45
● सूर्यास्त : 05.27
वाराणसी, 14 जनवरी, बुधवार, 2026 (3)


छाया : जनमुख डेस्क

## अभिनेत्री निधि अग्रवाल पहुंची काशी, किया दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** फिल्म अभिनेत्री निधि अग्रवाल आध्यात्मिक नगरी काशी पहुंचीं। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ के मंगला आरती देखी।

ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर पहुंचीं निधि ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना की। इसके बाद उन्होंने काशी के रक्षक माने जाने वाले बाबा काल भैरव का भी दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म 'द राजा साब' की सफलता के लिए विशेष प्रार्थना भी की। निधि को देखकर उनके प्रशंसकों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। काशी भ्रमण के दौरान निधि अग्रवाल पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी दिखीं।



# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

**● गंगा स्नान के बाद दान-पुण्य कर लोगों ने की परिवार के सुख समृद्धि की कामना**

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** काशी में आज मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। तड़के सुबह से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। घाटों पर 'हर-हर गंगे' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

गंगा घाट के पुरोहित अजय तिवारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि आज मकर संक्रांति का विशेष स्नान है, जो 14 जनवरी के पर्व के रूप में भी प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि काशीवासी और बाहर से आए श्रद्धालु इस दिन गंगा स्नान कर अपने जीवन की नई शुरुआत करते हैं और मां गंगा का आशीर्वाद लेते हैं। इसी दिन से पतंगबाजी की परंपरा भी शुरू होती है।

अजय तिवारी ने बताया कि इस वर्ष संयोगवश एकादशी पड़ने के कारण स्नान पर्व का महत्व कुछ कम माना गया है, अन्यथा आज का दिन मकर संक्रांति के रूप में बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता। मकर संक्रांति पर काशी की माताएं-बहनें गंगा स्नान के बाद ब्राह्मणों को श्रद्धा से बनाए गए खाद्य पदार्थों का दान करती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, यश और कीर्ति की कामना करती हैं। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से यश, वैभव और पुण्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष 15 जनवरी को मनाया जाएगा। लेकिन परंपराओं के हर वर्ष 14 जनवरी को लोग मकर संक्रांति मनाते रहे हैं। जिसके चलते काफी संख्या में लोग आज भी मकर संक्रांति का पर्व मना रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस



प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल और महिला पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती की गई, वहीं ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई, ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मौन हो गया पत्रकारिता का निर्भीक स्वर

**● गोपेश पाण्डेय के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** जाने-माने पत्रकार गोपेश पांडेय का निधन केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं है, बल्कि यह काशी की पत्रकारिता परंपरा को लगी एक गहरी चोट है। उनके जाने से जो शून्य बना है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। वे उन विरले पत्रकारों में थे जिनके लिए पत्रकारिता पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी थी।

काशी पत्रकार संघ की ओर से मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारिता, राजनीति, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े लोगों ने उनकी स्मृतियों को साझा किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मौजूद वक्ताओं ने कहा, स्व॰ गोपेश पांडेय ने हमेशा ईमानदारी, निर्भीकता और मूल्यपरक पत्रकारिता को अपने जीवन का मूलमंत्र बनाया। सच कहने के लिए उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। न सत्ता का भय, न पद का लोभ। वे न कभी डरे, न झुके। जब बात सिद्धांतों की आई, तो उन्होंने प्रबंधन के सामने भी मजबूती से अपना पक्ष रखा। यही कारण था कि वे सम्मान के साथ-साथ भरोसे का नाम बन गए। एक पत्रकार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और प्रतिबद्ध नागरिक के रूप में भी उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। धन्यवाद गोपेश पाण्डेय के भाई राघवेश पाण्डेय ने दिया।

इस मौके पर प्रो॰ राममोहन पाठक, एमएलसी धर्मेन्द्र राय, प्रो॰ सतीश राय, प्रो॰ अनिल उपाध्याय, रजनीश त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल, गोपेश जी की बेटी आकांक्षा पाण्डेय, बीएचयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव व शिव कुमार, समाजवादी चिंतक विजय नारायण, अरविन्द किशोर राय, संघ के पूर्व योगेश कुमार गुप्त, राजनाथ तिवारी, केडीएन राय, बीबी यादव, डा॰ अत्रि भारद्वाज, आशीष बागची, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, विश्वनाथ गोकर्ण, डा॰ दयानन्द, शुभाकर दुबे, अखिलेश मिश्र, एके लारी, कुमार अजय, रत्नाकर त्रिपाठी, मनीष उपाध्याय, अजय कृष्ण त्रिपाठी, अन्नू राय, गोकुल शर्मा, संजय मिश्र, कैलाश यादव, चंदन रूपानी, सुनील शुक्ला, पंकज त्रिपाठी, राकेश सिंह, सुरेश गांधी, केबी रावत, राजेन्द्र यादव, मोहम्मद अशफाक सिद्दीकी, चेतन स्वरूप श्रीवास्तव, शंकर चतुर्वेदी, अरुण मालवीय, अशोक यादव, समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अलकनंदा क्रूज पर लगा 5 हजार का जुर्माना

**वाराणसी।** अलकनंदा क्रूज पर प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना रविदास घाट पर क्रूज से गंगा में मल गिराने के मामले में लगाया गया है। साथ ही साथ विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।

बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें रविदास घाट पर खड़े अलकनंदा क्रूज के वाल्व से मल सीधे गंगा जी में गिर रहा था। इसके सामने आने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन ने जांच की और इस संबंध में नगर निगम ने एक जांच कमेटी गठित की थी जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। कमेटी की जांच रिपोर्ट के अनुसार अलकनंदा क्रूज के अधिकारियों ने बताया कि क्रूज रोज की तरह मेंटेनेंस के लिए खड़ा था। सेप्टिक टैंक और सीवरेज क्लीन किया जा चुका था। जहां से मल गिर रहा है वह इमरजेंसी वाल्व है। वाल्व चेक किया जा रहा था।

# आसमानी 'जंग' में बनारस काइट क्लब का जलवा

**● फायर काइट को 4-0 से पटखनी दे बना चैंपियन**



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** मां गंगा तट के किनारे में नीले आसमान में दो दिनों से जारी रंग-बिरंगी पतंगों का 'जंग' मंगलवार को बनारस काइट क्लब की शानदार जीत के साथ संपन्न हो गया। सेमीफाइनल के उतार-चढ़ाव और फाइनल के रोमांचक पेंच के बीच गंगा की रेती 'भाक्काटे' के शोर से गूंजती रही। खिताबी मुकाबले में बनारस काइट क्लब ने जबरदस्त कौशल दिखाते हुए फायर काइट क्लब को एकतरफा 4-0 से हराकर विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दूसरे दिन पहले दौर में सेमीफाइनल के मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में बनारस काइट क्लब ने अपनी सधी हुई डोर और कलाबाजी से एयर लाइन्स काइट क्लब को बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में फायर काइट क्लब और स्काई लाइन काइट क्लब के बीच कांटे की टक्कर हुई, जिसमें हवा के रुख का सही अंदाजा लगाते हुए फायर काइट क्लब ने फाइनल में जगह बनाई। वहीं फाइनल मुकाबले में रोमांच अपने चरम पर था, लेकिन बनारस काइट क्लब के बंटी और शुभम की जोड़ी के आगे प्रतिद्वंद्वी टिक नहीं सके। अपनी महारत का लोहा मनवाते हुए बनारस क्लब ने प्रतिद्वंद्वी फायर काइट क्लब की पतंगों को एक के बाद एक चार बार काटा और 4-0 की अजेय बढ़त के साथ चैंपियन बने। समापन समारोह में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने विजेताओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें बनारस काइट क्लब के बंटी व शुभम को प्रथम पुरस्कार, फायर काइट क्लब के समीर को द्वितीय पुरस्कार तथा एयर लाइन्स काइट तृतीय पुरस्कार पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं प्रथम को 51 हजार, द्वितीय को 21 हजार तथा तृतीय को 11 हजार रुपये पुरस्कार राशि 14 जनवरी को नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान करने की घोषणा की। उधर विजेता टीम के शानदार प्रदर्शन से गदगद होकर आयोजन स्थल पर ही पार्षदों और समाजसेवियों ने नकद पुरस्कारों की झड़ी लगा दी। अजय शंकर तिवारी 'गुड्डू' व पार्षद विजय द्विवेदी ने 2500-2500, शंभू निषाद ने 2100, अजय त्रिवेदी ने 2000, सत्यनारायण साहनी ने 1500, जगन्नाथ ओझा ने 1100 तथा सोमनाथ यादव ने 1000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। गंगा की रेती पर पतंगबाजी के सफल आयोजन के बाद महापौर अशोक कुमार तिवारी ने भविष्य के लिए बड़ा विजन साझा किया है। उन्होंने घोषणा की कि 'काशी की पतंगबाजी की परंपरा को हम वैश्विक पटल पर ले जाएंगे। अगले वर्ष से यह आयोजन केवल स्थानीय न होकर 'नेशनल इवेंट' बनेगा। युवा रील की आभासी दुनिया छोड़ मैदान के रोमांच से जुड़ें, इसके लिए हम पुरस्कार राशि में दस गुना वृद्धि कर रहे हैं।' महापौर ने बताया कि अगले वर्ष होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से देशभर के दिग्गज पतंगबाजों को काशी आमंत्रित किया जाएगा। युवाओं और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार राशि को बढ़ाकर ऐतिहासिक स्तर पर ले जाया जाएगा, जिसमें प्रथम विजेता को 5 लाख रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2.51 लाख रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 1.51 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

## रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर बना बच्चों का पार्क

**वाराणसी,जनमुख डेस्क।** मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन की प्रेरणा से इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वाराणसी मंडल के छपरा स्टेशन के निकट कृष्णानगर रेलवे कॉलोनी में खाली पड़े भूमि की व्यापक साफ-सफाई कर सजावटी पौधों का रोपण कर बच्चों के पार्क का स्वरूप दिया गया है। छपरा रेलवे स्टेशन निकट कृष्णानगर रेलवे कालोनी में इस पार्क का निर्माण इंजीनियरिंग एवं पर्यावरण व हाउसकीपिंग विभाग के सहयोग से किया गया है। इसके निर्माण में वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर(द्वितीय) श्री विनीत कुमार एवं सहायक मंडल इंजीनियर (छपरा) ए.के.राय ने सक्रिय भूमिका निभाई है। इस हरित पार्क छोटे बच्चों के लिए खेलने के लिये विभिन्न प्रकार के झूलों व्यवस्था है। इस पार्क में कर्मचारियों,वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गों के लिए मॉर्निंग वॉक ट्रैक समेत बैठने की व्यवस्था है।

यह पार्क छपरा के कृष्णानगर रेलवे कॉलोनी के वासियों के लिए एक नई पहचान बनेगा और उन्हें प्रकृति के करीब रहने का अवसर देगा। इस पार्क में जॉगिंग ट्रैक, बच्चों के लिए खेल का मैदान और खेलने के लिए विशेष खेल उपकरण लगाये गए हैं।

पार्क में विभिन्न प्रकार के फूल और पौधे लगाए गए हैं, जो इसकी सुंदरता को और भी बढ़ा देते हैं।

# बिना किसी दर्द या संपर्क के होगी स्तन कैंसर की पहचान-एस.राजलिंगम

**● स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए नमो शक्ति रथ का शुभारंभ**



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** प्रधानमंत्री की प्रेरणा से महिलाओं में स्तन कैंसर की समय पर पहचान और निवारक देखभाल के उद्देश्य से 'नमो शक्ति रथ' का शुभारंभ बुधवार को मंडलायुक्त सभागार से किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री के 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' विज़न से प्रेरित है तथा महिला- केंद्रित निवारक स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद व आईटीवी के फाउंडर डॉ कार्तिकेय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, मंडलायुक्त एस. राजलिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, डॉ ऐश्वर्या पंडित, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश प्रसाद एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद आईटीवी के संस्थापक डॉ कार्तिकेय शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से वाराणसी में महिलाओं में स्तन कैंसर के स्क्रीनिंग का वीणा उठाया गया है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस नमो शक्ति रथ का संचालन एक ऐतिहासिक पहल है। विकसित भारत की संकल्पना स्वस्थ परिवार से ही संभव है एवं स्वास्थ्य परिवार बिना स्वस्थ महिला के संभव नहीं है। वर्तमान में लगभग 9 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है जिसमें से अत्यधिक मात्रा स्तन कैंसर के रोगियों की है। इसलिए 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आईटीवी फाउंडेशन के तरफ से वाराणसी के लिए 20 नमो शक्ति रथ (वैन) उपलब्ध कराई गई है जिनमें से 9 वैन ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 11 वैन शहरी क्षेत्रों में चलाई जाएंगे ।जिला पंचायत अध्यक्षा पूनम मौर्या ने कहा कि किसी प्रकार के संकोच झिझक को दूर रखकर इस अभियान से सभी महिलाएं जुड़े एवं अपना स्क्रीनिंग अवश्य कराये। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने कहा कि आधी जनसंख्या महिलाओं की है, वर्तमान में जीवन जीने के ढंग में परिवर्तन हुआ है जिसके कारण कैंसर जैसी बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। नमो शक्ति रथ में स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए ऐसी तकनीक से लैस मशीन लगाई गई है जो बिना किसी दर्द या संपर्क के शरीर में होने वाले शुरुआती वैस्कुलर बदलावों की पहचान करने में सक्षम है।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस नमो शक्ति रथ के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सभा सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, आईटीवी फाउंडेशन की डॉ ऐश्वर्या पंडित द्वारा हरी झंडी दिखाते 20 नमो शक्ति रथ को रवाना किया गया।

## भदोही में चावल लदे ट्रक में लगी भीषण आग

**भदोही, जनमुख डेस्क।** मिर्जापुर से चावल लादकर रायबरेली जा रहा ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया। जिससे ट्रक में लदा लगभग 10 टन चावल समेत वाहन जलकर खाक हो गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर मुश्किल से काबू पाया। तब तक ट्रक पूरी तरह चल चुका था। जिसमें उस पर लदा लाखों का चावल भी जल गया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मकर संक्रांति पर उड़ाई पीडीए वाली पतंग

**● रविदास घाट पर हुआ आयोजन**

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज़ में राजनीतिक संदेश दिया। वाराणसी के प्रसिद्ध रविदास घाट पर सपा कार्यकर्ताओं ने 'पीडीए' लिखी विशेष पतंग उड़ाकर 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का संकेत दिया। इस पहल को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

सपा कार्यकर्ता प्रदीप यादव ने बताया कि पीडीए को लेकर पार्टी नेतृत्व की सोच को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष पतंग तैयार करवाई गई। उन्होंने कहा कि इस पतंग को सबसे पहले लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेंट किया गया था, जिसे उन्होंने सराहा और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदेशभर में इसका संदेश पहुंचाया।

प्रदीप यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर वाराणसी में पीडीए पतंग का वितरण किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर इसे आकाश में उड़ाकर यह संदेश दिया गया कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की नींद उड़ाने के लिए पीडीए पूरी तरह तैयार है।



इस मौके पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और पतंगबाजी के माध्यम से सरकार विरोधी नारे भी लगाए। पतंग पर साफ शब्दों में लिखा था— 'बदलने को सरकार, पीडीए है तैयार' जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

## महापौर ने जलनिगम को दिया अल्टीमेटम


**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की कार्य प्रगति को लेकर सख्ती दिखाई है। उन्होंने कहा है कि यदि कार्यदायी संस्थाएं तय समय पर कार्य नहीं करती तो पेनॉल्टी के लिए तैयार रहें।

उन्होंने जल निगम को 9 महीने के अंदर अपने नगर निगम क्षेत्र में सभी लंबित कार्य पूरे करने के निर्देश दिए हैं।




## जैन फ़िलाटेलिक सोसायटी का राष्ट्रीय अधिवेशन 17-18 जनवरी को

**● आदिपेक्स 2026 राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी का भी होगा आयोजन**




**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** आगामी 17-18 जनवरी को केवलयधाम रायपुर में जैनिज्म फिलेटेलिक सोसायटी आफ इंडिया का छठवां राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है इसमें जैन धर्म पर आधारित डाक टिकट प्रदर्शनी 'आदिपेक्स 2026' का आयोजन भी किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश के लगभग चौदह राज्यो के सौ से अधिक सदस्यों के भाग लेने की संभावना है।

उक्त जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालोद निवासी डॉ प्रदीप जैन ने बताया कि देशभर के जैन डाक टिकट संग्रहकर्ताओं की राष्ट्रीय संस्था के रूप में जैन फिलाटेली सोसायटी आफ इंडिया एक ख्याति प्राप्त नाम है। इसकी स्थापना 15 वर्ष पूर्व 15फरवरी 2011 को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी के दौरान हुई थी। इसके संस्थापक अध्यक्ष के रूप में श्री सुधीर जैन (सतना) ने कार्यभार संभाला था।संस्थान के को-आर्डिनेटर तेजकरण जैन ने बताया की वर्तमान में संस्था के अध्यक्ष के रूप में डॉ प्रदीप जैन (बालोद छत्तीसगढ़) पदस्थ हैं। श्री जैन के निर्देशन में इस माह की 17-18तारीख को छठवां राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन केवल्याधाम महा तीर्थ कुम्हारी रायपुर में किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान विगत दो वर्षों के कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा आगामी वर्षों के कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी जाएगी।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें डॉ जैन के साथ श्री तेजकरण जैन राजनंदगांव, श्री अतुल जैन बिलासपुर एवं श्री अंकित अग्रवाल रायपुर शामिल है। वहीं पूर्व अध्यक्ष श्री सुधीर जैन सतना, राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में मीठा लाल जैन पूना, प्रमोद जैन पॉण्डिचेरी, महावीर कुंदुर हुबली कर्नाटक एवं हेमंत जैन जबलपुर का भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

**आदिपैक्स का होगा आयोजन**

इस अधिवेशन के दौरान जैन धर्म, सत्य अहिंसा एवँ शाकाहार पर आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी आदिपैक्स का आयोजन भी किया जा रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन सभी सदस्य छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थों नगपुरा एव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थली नवोदित जैन तीर्थ चंद्रगिरि (डोंगरगढ़) की यात्रा करते हुए दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। उपरोक्त जानकारी जैनिज्म फ़िलाटेलिक सोसाइटी के स्थानीय सदस्य विजय कुमार जैन ने दी।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## आजमगढ़ समाचार

### धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्वः अग्नि के फेरे लगाकर मनाई गई खुशियां



**आजमगढ़।** जिले में मंगलवार की देर रात तक लोहड़ी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। जिले में धूमधाम से विट्ठल घाट पर मनाया जा रहे इस त्यौहार में सभी जाति धर्म और संप्रदाय के बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। और सभी ने मिलजुल कर एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की बधाई देते हुए खुशियां मनाई। गुरु दरबार में संध्या के समय रहरासि साहिब जी के पाठ से आरम्भ हुआ। शबद कीर्तन, आरती के उपरान्त अरदास किया गया। तत्पश्चात् गुरुद्वारे परिसर में अग्नि प्रज्वलित किया गया। सभी साध संगत ने अग्नि के पाँच फेरे लगाये और अग्नि को रेवड़ी, मुंगफली, लाई तिलकुट, गजक 'आदि भेट किया गया तथा गुरु महाराज से सुख, शान्ति और विश्व बन्धुत्व की कामना की गयी।

पर्व के शुभ अवसर पर कड़ाह प्रसाद तथा लंगर का वितरण किया गया। सिक्ख धर्म में लोहड़ी का पर्व फसल की कटाई सर्दियों के अन्त और नये वर्ष की शुरुआत और घर में नए सदस्य के आगमन व बच्चे के जन्म आदि की खुशी में लोहडी का पर्व मनाते है। इस अवसर पर जमकर भांगड़ा बजाकर डांस किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सिख धर्म के धर्म गुरु राजू सरदार ने बताया कि लोहड़ी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे वृद्ध और युवा पुरुषों ने अग्नि के फेर लगाकर जमकर डांस भी किया।

## देवरिया समाचार

**हाईस्कूल की छात्रा का शव मिला**

**देवरिया।** जिले के बरियारपुर नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार सुबह एक हाईस्कूल छात्रा का शव आम के बगीचे में पेड़ से लटका मिला। छात्रा मंगलवार सुबह से घर से लापता थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान बरियारपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 निवासी नंदनी चौहान (16) पुत्री महेंद्र चौहान के रूप में हुई है। नंदनी बरियारपुर स्थित आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार, नंदनी मंगलवार सुबह घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाश की, फिर मंगलवार शाम बरियारपुर पुलिस को उसके लापता होने की सूचना दी। बुधवार सुबह वार्ड नंबर 12 के कुछ लोग टहलने निकले थे, तभी उन्होंने सड़क किनारे बबलू शाही के आम के बगीचे में एक किशोरी का शव पेड़ की डाली से लटकता देखा।

## मीरजापुर समाचार

### तीन दिन से लापता युवक का घर से 100 मीटर दूर तालाब में मिला शव, हत्या का आरोप

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के जमुई उत्तर गांव से तीन दिन पहले लापता युवक का शव मंगलवार को उसके घर से 100 मीटर दूर तालाब में मिला। सुबह लोगों ने शव देखकर परिजनों को सूचना दी। शव को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पिता राधेश्याम ने बेटे सोम कुमार की हत्या कर शव को तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस पर तहरीर न लेने और मामले में सक्रियता न बरतने का भी आरोप है। पिता राधेश्याम ने बताया कि उनका इकलौता बेटा सोम कुमार (23) 10 जनवरी को गांव में मजदूरी करने गया था। शाम को वापस आने के बाद रात आठ बजे घर से अपनी जेब में चूड़ा लेकर निकला था। देर रात तक घर नहीं पहुंचा। पुत्र के लापता होने पर 11 जनवरी को तहरीर लेकर मड़िहान थाने पर पहुंचे, पर मड़िहान पुलिस ने तहरीर लेने से इन्कार कर दिया। पुलिसवालों ने दो चार दिन में पुत्र के वापस आने की बात कहकर राधेश्याम को लौटा दिया। 12 जनवरी को दोबारा तहरीर लेकर पहुंचे तहरीर तो पुलिस ने रख लिया पर जांच का आश्वासन देते हुए वापस भेज दिया। मंगलवार की सुबह गांव के कुछ लोग पंचायत भवन पर धूप ले रहे थे। तभी कुछ बच्चे तालाब किनारे पहुंच कर लकड़ी तालाब के पानी में डालकर खेल रहे थे। तभी सैंडल तालाब में तैरने लगा। सैंडल में पैर दिखाई दिया। बच्चों ने शोर मचाया। शोर सुनकर पहुंचकर तालाब से गांव वालों ने सोम के शव को बाहर निकाला। पिता का आरोप है कि पुत्र सोम कुमार की हत्या कर घर के बगल में स्थित पंचायत भवन के पास तालाब में शव फेंका गया। पुलिस को सूचना और तहरीर दी थी। समय रहते पुलिस सक्रिय हुई होती तो उसके बेटे की जान बच सकती थी।

## मऊ समाचार

**गोलीकांड के मामले की जांच में लापरवाही, आईओ दरोगा निलंबित**

**कोपागंज, मऊ।** क्षेत्र के सोड़सर गांव में नौ महीने पहले गेहूं काटने के विवाद में हुए गोलीकांड मामले में जांच अधिकारी उपनिरीक्षक भास्कर राय की ओर से लापरवाही मिलने पर एसपी ने सोमवार को निलंबित कर दिया। घटना 17 अप्रैल 2025 की रात 9:30 की है।

एक व्यक्ति को गोली तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 17 अप्रैल की रात सूर्यभान यादव की गेहूं की मड़ाई होनी थी, इसके लिए उसने भतीजे मनीष को ट्रैक्टर लाने को कहा था। रात में जब मनीष सूर्यभान के खेत में नहीं पहुंचा और ट्रैक्टर लेकर दूसरी जगह चला गया। इतनी देर में बारिश हुई और गेहूं की फसल भीग गई। इससे आक्रोशित होकर सूर्यभान और मनीष में बहस होने लगी। इतने में मनीष के भाई अभिषेक यादव को किसी ने तमंचे से गोली मार दी थी।

## सुल्तानपुर समाचार

### नवजात की मौत पर परिजन भड़के, अस्पताल हुआ सील



**चांदा।** सराय कल्याण निवासी संदीप उमर वैश्य के 19 दिन के पुत्र की मंगलवार सुबह कस्बा स्थित सहारा बाल चिकित्सालय में मौत हो गई। नवजात की मौत से भड़के परिजनों ने हंगामा कर अस्पताल गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। बवाल बढ़ते देखकर अस्पताल का संचालक भाग गया। परिजनों ने चांदा थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पीपी कमैचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी चिकित्सालय संचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी मांग की। इधर, देर शाम तक परिजन निजी चिकित्सालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। सीएमओ की ओर से गठित तीन सदस्यी टीम मौके पर पहुंची। परिजनों से बातकर वहां के कागजात खंगाले। अस्पताल का पंजीकरण नहीं मिला। जिसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया है।

परिजनों ने बताया कि मासूम की तबीयत खराब होने पर उसे भर्ती कराया था। पीड़ित संदीप उमर वैश्य ने बताया कि उनकी पत्नी किरन ने गत 26 दिसंबर को लंभुआ कस्बे के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से जुड़वा बच्चों (बालक) को जन्म दिया था। एक बच्चे की तबीयत उसी दिन खराब हो गई, तो परिजनों ने पास स्थित एक चिल्ड्रेन क्लीनिक में उसे भर्ती कराया। वहां उसकी दो जनवरी को मौत हो गई थी।

## प्रयागराज समाचार

### सेवानिवृत आईएएस के बेटे का फंदे से लटका मिला शव



**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेमसराय स्थित जेपी नगर कॉलोनी निवासी सेवानिवृत आईएएस के बेटे हिमांशु अदीम (22) का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। धूमनगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्रीचंद्र सेवानिवृत्त आईएएस अफसर हैं। उनके दो बेटों में दूसरे नंबर का हिमांशु स्नातक का छात्र था। हिमांशु ने नवंबर 2025 में शिवानी से प्रेम विवाह किया था। हिमांशु इन दिनों कोई काम नहीं करता था। सोमवार शाम करीब पांच बजे हिमांशु के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। थोड़ी देर बाद परिजनों ने आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा तो वह चुल्ले पर फंदे से लटका मिला। मामले की सूचना पर पहुंची धूमनगंज पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस जांच में घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पत्नी से कहासुनी व पारिवारिक अनबन के बाद हिमांशु के आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि घटना से पहले हिमांशु का पत्नी से मोबाइल फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। घटना के बाद पिता श्रीचंद्र, माता निर्मला देवी, पत्नी शिवानी, बड़ा भाई सुधांशु समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल, पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों से पूछताछ में अनबन की बात सामने आई है, मामले की जांच की जा रही है।


## भदोही समाचार

**छह नई चौकियों पर प्रभारियों की तैनाती, सीमावर्ती क्षेत्रों पर रखेंगे नजर**

**ज्ञानपुर।** सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध पर नियंत्रण रखने और लोगों तक पुलिस की पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एसपी ने छह नई चौकियों का सृजन करने के साथ ही वहां प्रभारियों की तैनाती कर दी। जिले में अब तक 24 पुलिस चौकियां थीं। छह चौकी बढ़ने के बाद अब संख्या 30 हो जाएगी। सबसे अधिक भदोही में छह और औराई में पांच चौकियां हैं। एक चौकी महिला थाने में स्थित परामर्श केंद्र का है। नई पुलिस चौकियां गोपीगंज, सुरियावां और दुर्गागंज थाने के अंतर्गत हैं। वहीं, ये चौकियां स्थानीय स्तर पर गस्त, चेकिंग, संदिग्धों की जांच और छोटे-मोटे विवादों का तत्काल निपटरा भी कर सकेंगी। वहीं, बड़े थानों पर बोझ कम होगा। एसपी ने नए चौकी प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, पशु तस्करी पर लगाम, छोटे विवादों का तुरंत निपटारा, वांछितों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए हैं।

## गोरखपुर समाचार

### घर के बाहर बने गड्ढे में डूबने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत



**गोरखपुर।** एम्स थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बाजार में मंगलवार को घर के बाहर बने गड्ढे में डूबने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को सूचना दिए बगैर बालक के शव को दफना दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जगदीशपुर बाजार निवासी संजय सिंह का पांच वर्षीय बेटा लड्डू मंगलवार दोपहर करीब एक बजे घर के बाहर अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह अचानक पास में बने छोटे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में पानी भरा हुआ था, जिससे मासूम कुछ ही देर में उसमें डूब गया। आसपास खेल रहे अन्य बच्चों को इस बात का अंदाजा नहीं हो सका और लड्डू काफी देर तक गड्ढे में ही पड़ा रहा। कुछ समय बाद जब लड्डू घर नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए। बच्चे के बड़े पिता मनोज सिंह ने उसे आसपास ढूंढना शुरू किया। तलाश के दौरान उनकी नजर घर के पास बने गड्ढे पर पड़ी, जहां लड्डू डूबा हुआ मिला। आनन-फानन में उसे बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक की मां अंकिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता संजय सिंह सदमे में हैं। बताया गया कि लड्डू दो भाइयों में बड़ा था, जबकि उसका छोटा भाई अभी मात्र एक वर्ष का है। परिवार का पालन-पोषण संजय सिंह की मोबाइल की दुकान से होता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि घरों के पास खुले गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गड्ढों को जल्द भरवाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एम्स थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि बच्चे के डूबने की जानकारी नहीं है।

## चंदौली समाचार

**हाईवे पर 200 मीटर में छुट्टा पशुओं से टकराकर दो हादसे, एक की मौत, एक गंभीर**

**पीडीडीयू नगर।** दुलहीपुर। मुगलसराय थाना क्षेत्र में सिक्स लेन सड़क पर छुट्टा पशु लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। एक ही दिन में महज 200 मीटर के दायरे में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने प्रशासन और पशु नियंत्रण व्यवस्था की पोल खोल दी है। इन हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है।

पहली घटना जलीलपुर चौकी क्षेत्र के तड़वा मंदिर के पास हुई। चौरहट गांव की नई बस्ती निवासी मोहम्मद इन्द्रिश अंसारी (60) रोज की तरह मढिया गांव में ट्यूशन पढ़ाकर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर आए एक सांड को देखकर वे असंतुलित होकर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल उनसे टकरा गई,

## सोनभद्र समाचार

### यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी तेजः18 फरवरी से 12 मार्च तक



**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां तेज हो गई हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जिले में छह से आठ सचल दल (फ्लाइंग स्क्वॉड) गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सचल दलों का गठन 15 जनवरी तक अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। इस वर्ष जिले से कुल 47,900 परीक्षार्थी यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षार्थियों में हाईस्कूल के 27,120 और इंटरमीडिएट के 20,780 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) जयराम सिंह ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सचल दलों का गठन किया जा रहा है। इस बार शासन के निर्देशानुसार, विभाग के लिपिक वर्ग को सचल दल में शामिल नहीं किया जाएगा। सचल दलों में शिक्षक शामिल रहेंगे और राजपत्रित अधिकारी को इसका प्रभारी बनाया जाएगा। जनपद स्तरीय सचल दलों में उन राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य शामिल होंगे, जिन्हें परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है।

## गाजीपुर समाचार

**चंदौली के युवक की सड़क हादसे में मौत**

**हिसार।** छावनी में चल रही बीएसएफ भर्ती के लिए दूर-दूर से युवा पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के चंदौली से हिसार में सेना में भर्ती होने के लिए आए 23 वर्षीय युवक की कैंप चौक हिसार-दिल्ली मार्ग पर मंगलवार सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गई। युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सदर थाना पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई दिनेश कुमार ने बताया कि हिसार छावनी में बीएसएफ की भर्ती चल रही है। भर्ती में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के चंदौली निवासी 23 वर्षीय अंकुश पुत्र भोलेनाथ हिसार आया हुआ था। मंगलवार सुबह करीब दस बजे वह कैंप चौक स्थित छावनी के गेट नंबर-1 की तरफ जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर बेकाबू होकर सड़क पार कर रहे युवक अंकुश को कुचलता हुआ आगे निकल गया।

## बलिया समाचार

### सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश



**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभागीय योजनाओं की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया गया और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सदर बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अनुशासनहीनता और कार्यों में उदासीनता को देखते हुए, उन्होंने तत्काल प्रभाव से खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

बैठक में समग्र शिक्षा अभियान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं तथा शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की गई। सीएम डैशबोर्ड (एश्घ्ए) के प्राथमिकता वाले बिंदुओं की भी जांच की गई। 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत 19 पैरामीटर्स की संतृप्ति स्थिति का आकलन करते हुए, सीडीओ ने सभी मानकों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने 16 जनवरी को स्कूल खुलने से पहले जनपद के सभी विद्यालयों में व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी बच्चा बिना स्कूल ड्रेस, जूते और स्वेटर के विद्यालय न आए। इसके लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए, मुख्य विकास अधिकारी ने जर्जर कमरों वाले विद्यालयों को चिन्हित करने और समिति द्वारा मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने 10 फरवरी तक सभी जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण और नीलामी की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करने का अल्टीमेटम दिया। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि बच्चे किसी भी परिस्थिति में जर्जर भवनों या कमरों में पढ़ाई न करें। बैठक के अंत में, मुख्य विकास अधिकारी ने दोहराया कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने के निर्देश दिए।

## जौनपुर समाचार

### भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं का जल्द होगा निस्तारण




**शाहगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135 ए के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण में आ रहीं समस्याओं को प्रशासन ने मंगलवार को दूर कर दिया। अधिकारियों ने किसानों से वार्ता कर लगभग एक किलोमीटर के दायरे में आ रहे अवरोध का निवारण कराया। इसके लिए अधिकारियों ने ग्राम खरगीपुर, महरौरा और गोधना का स्थलीय निरीक्षण किया।

खातेदार किसानों ने मुआवजा भुगतान को लेकर आ रही समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। किसानों की बात सुनने के बाद उप जिलाधिकारी शाहगंज कुणाल गौरव ने मौके पर ही उनसे संवाद कर स्थिति को समझा और समाधान का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि भूमि अधिग्रहण और भुगतान से जुड़ी समस्याओं का नयमानुसार जल्द निराकरण किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया। अब एनएच-135ए के विस्तारीकरण कार्य के गति पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। जिलाधिकारी कुणाल गौरव ने बताया कि भुगतान से संबंधित गतिरोधों का जायजा लेते हुए संबंधित लेखपाल को कार्यवाही के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। उधर कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बैठक की। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित एनएच और बाईपास सहित हौज से लाइन बाजार नईगंज होते हुए कुल्हनामऊ बाईपास के चौड़ीकरण की समीक्षा किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी भुगतान अभी भी अवशेष हैं, उस शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

## लाइफ मंत्र

### कामाख्या का महामंत्र करेगा हर मनोकामना पूरी, Life की सभी Problems का है ये Solution

मां कामाख्या देवी शक्ति की सबसे पूजनीय रूपों में से एक हैं। मां कामाख्या असीम आध्यात्मिक शक्ति और तंत्र साधना से जुड़ी देवी हैं। मां कामाख्या की दिव्य ऊर्जा का आह्वान इच्छाओं की पूर्ति, आध्यात्मिक उन्नति और समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है। असम में पवित्र कामाख्या मंदिर है। असम में स्थित कामाख्या मंदिर तंत्र साधना का एक प्रसिद्ध केंद्र है और यह 51 शक्तिपीठों में से एक है। मां कामाख्या की पूजा और मंत्र जाप करने से व्यक्ति अपने जीवन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कामाख्या देवी के मंत्र का महत्व और जप विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।



**प्रणाम मंत्र**

**कामाख्ये कामसम्पन्ने कामेश्वरि हरप्रिये।**
**कामनां देहि मे नित्यं कामेश्वरि नमोऽस्तु ते?**

**बीज मंत्र**

**'क्लीं क्लीं कामाख्या क्लीं क्लीं नमः'**

**कैसे करें जाप**

मां कामाख्या के इस मंत्र का रोजारा सुबह स्नान आदि करने के बाद पूजा स्थान पर बैठकर 3 माला जप करना चाहिए। मंत्र जाप शुरू करने से पहले मां कामाख्या का मन में स्मरण करना चाहिए और कृपा व आशीर्वाद पाने के लिए अरदास लगाना चाहिए। लगातार 41 दिनों तक इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आने लगती है।

**आकर्षण में वृद्धि**

मां कामाख्या के बीज मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के आकर्षण में वृद्धि होती है और उनको अपने साथी के प्रति अधिक आकर्षण बना सकता है। इस मंत्र के मदद से आप एक सफल प्रेम जीवन जी सकते हैं।

**उत्पादकता में वृद्धि**

कामाख्या बीज मंत्र का जाप करने से रचनात्मकता और उत्पादकता बढ़ती है। ऐसे में इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति अपने विचारों को अधिक स्पष्ट रूप से व्यक्त कर पाता है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है।

**शक्ति और आत्मविश्वास में वृद्धि**

इस मंत्र के लगातार 41 दिन जाप करने से व्यक्ति का आत्मविश्वास और शक्ति बढ़ती है। यह व्यक्ति के जीवन में चुनौतियों का सामना करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक हो सकता है।

**तंत्र साधना में सफलता**

इसका जाप करने से व्यक्ति को सफलता मिलती है। यह मंत्र व्यक्ति को मां कामाख्या की शक्तियों तक पहुंचने और उनको अपने जीवन में प्रकट करने में सहायता करता है।

**मनोकामना पूर्ति**

कामाख्या मंत्र का जाप करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है।

# अब Hot Chocolate नहीं करेगा बीमार, बस फॉलो करें ये Ayurvedic Health Tips



सर्दियों में हॉट चॉकलेट का सेवन अपच और डायबिटीज जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है, लेकिन आयुर्वेद के अनुसार इसे बनाने का तरीका बदलकर सेहतमंद बनाया जा सकता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो इसमें अदरक, दालचीनी मिलाकर और हल्के दूध का प्रयोग कर इसे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बनाया जा सकता है। सर्दियों के दौरान जब ठंड ज्यादा लगती हैं, तो ऐसे में लोग हॉट चॉकलेट ड्रिंक का सेवन जरुर करते हैं। विंटर में गर्म दूध, हॉट चॉकलेट और कॉफी सहित कई हॉट ड्रिंक्स को लोग अपनी डाइट में जरुर शामिल करते हैं। इससे न केवल शरीर को अंदर से गर्माहट मिलती है, बल्कि ठंडे मौसम में इनका स्वाद भी खूब पसंद आता है। सबसे ज्यादा लोग सर्दियों में हॉट चॉकलेट का सेवन करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि हॉट चॉकलेट को बनाते समय अगर आप कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरुरी है, ये आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। यदि आप इसे गलत तरीके से बनाएंगी, तो इससे अपच, थकान और डायबिटीज का बढ़ना जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। आइए आपको बताते हैं हॉट चॉकलेट बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**आयुर्वेद से जानें हॉट चॉकलेट को बनाने का सही तरीका**

- एक्सपर्ट ने बताया है कि यदि आप सर्दियों में हॉट चॉकलेट पीना चाहते हैं, तो ये इस मौसम के लिए सबसे बेस्ट है। इसको आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं, लेकिन आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि ये आपकी सेहत को नुकसान न पहुंचाए।
- इस बात को जान लीजिए कि हॉट चॉकलेट एक मिल्क बेस्ड ड्रिंक है और इसे पचाना काफी मुश्किल होता है। इसलिए इसे मील्स के साथ या भारी खाने के तुरंत बाद न लें।
- अक्सर इसे पीने के बाद पेट भारी रहता है या बहुत फूला हुआ लगता है। इसे कम करने के लिए आप हॉट चॉकलेट बनाते समय इसमें अदरक और दालचीनी (Cinnamon) मिलाएं।
- अदरक और दालचीनी का तासीर गर्म होती है और यह सर्दियों के मौसम में काफी फायदेमंद है। इसके सेवन से शरीर को गर्माहट मिलेगी, सर्दी-खांसी नहीं होती है और इंफेक्शन से बचाव होता है।
- हॉट चॉकलेट के लिए आप हल्का दूध चुनें। फुल क्रीम मिल्क इसके लिए ठीक नहीं है। आप A2 मिल्क या ओट मिल्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके ऊपर किसी भी तरह की हैवी क्रीम न डालें।
- अगर आप हैवी मिल्क के साथ इसे बनाकर पीने से गैस, अपच और बदहजमी हो सकती है। इसमें शक्कर भी न डालें वरना डायबिटीज का खतरा हो सकता है।



# कोलेस्ट्रॉल नॉर्मल वालों को भी Winter में Heart Attack का खतरा, ये 4 गलतियां पड़ सकती हैं भारी

सर्दियों के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा ही बढ़ जाता है। हार्ट अटैक एक ऐसी कंडीशन है, जो दुनियाभर में कई लोगों की मौत का कारण बनती है। खासकर भारत में तेजी से हार्ट अटैक में मामले बढ़ रहे हैं। पहले तो इसका शिकार बुजुर्ग हो रहे थे, लेकिन अब युवाओं में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, शरीर में बढ़ती कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को हार्ट अटैक का कारण माना जाता है, हालांकि क्या आप जानते हैं कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल सही होने पर भी हार्ट अटैक का शिकार हो सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होने पर भी हार्ट अटैक का खतरा कैसे बढ़ जाता है और इससे कैसे बचाव करें।

**इन कारण से होता है हार्ट अटैक**

आमतौर पर देखने को मिलता है कि कम एलडीएल लेवल यानी लो कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों में हार्ट अटैक का खतरा कम देखने को मिलता है, हालांकि, करीब आधे दिल के दौरे उन लोगों में होते हैं,

> **यह एक आम धारणा है कि सिर्फ हाई कोलेस्ट्रॉल से हार्ट अटैक होता है, लेकिन सर्दियों में सामान्य कोलेस्ट्रॉल वाले लोग भी खतरे में हैं। ठंड के कारण नसें सिकुड़ जाती हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ता है और खून गाढ़ा हो सकता है, जो दिल के दौरे का प्रमुख कारण बनता है।**

जिनका कोलेस्ट्रॉल स्तर 'सामान्य' होता है। ऐसा इसलिए किसी व्यक्ति में कई अन्य स्थितियां भी हो सकती हैं, जो जोखिम को बढ़ा सकती हैं।

वहीं, स्मोकिंग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा और फिजिकल एक्टिविटी की कमी हैं। इसके अलावा अन्य संभावित कारणों में स्मोकिंग इफेक्ट और वायु प्रदूषण भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, ऐसे जेनेटिक और लाइफस्टाइल से जुड़े फैक्टर भी इसमें शामिल हो सकते हैं, जिन्हें हम पूरी तरह से नहीं समझते हैं।


**सर्दियां भी हैं जिम्मेदार**

ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के मामलों में बढ़ोतरी अक्सर देखी जाती है। कई वैज्ञानिक अध्ययनों, रिसर्च और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ठंडी हवाएं और कम होता तापमान दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ा देता है। साल 2024 में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की प्रमुख जर्नल ँण्ण में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया कि ठंड के संपर्क में आने के तुरंत बाद नहीं, बल्कि 2 से 6 दिनों के भीतर हार्ट अटैक का जोखिम सबसे अधिक होता है।

**सर्दियों में क्यों बढ़ता हार्ट अटैक का खतरा?**

- सर्दियों में हमारा शरीर खुद को गर्म रखने की कोशिश करता है। इस प्रोसेस में शरीर में मौजूद ब्लड वेसल्स और नसें सिकुड़ने लगती हैं। इससे दिल को खून पंप करने के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ता है, इससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और ऑक्सीजन की सप्लाई कम हो सकती है।
- अक्सर होता है कि सर्दियों में आलस और सुस्ती के कारण लोग फिजिकल एक्टिविटी कम कर देते हैं। ऊपर से इस मौसम में लोग गाजर का हलवा, पराठे और पकौडे जैसे फूड्स का सेवन करते हैं और एक्सरसाइज नहीं करते हैं, इस वजह से शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, वजन बढ़ता है और नसों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमने लगता है।
- सर्दियों के मौसम में खून के थक्के बनने का खतरा आमतौर पर बढ़ जाता है। ठंड के कारण शरीर में कुछ हार्मोनल और शारीरिक बदलाव होते हैं, जिनसे रक्त गाढ़ा होने लगता है और थक्का बनने की संभावना बढ़ती है। यदि ऐसा थक्का हृदय की किसी रक्त नली में अटक जाए, तो नस में रुकावट पैदा हो सकती है, जिससे हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है।
- सर्दी के दिनों में अक्सर पसीना भी कम आता है और हम पानी भी कम मात्रा पीने लगते हैं। जिससे शरीर में फ्लूइड या प्लाज्मा की मात्रा बढ़ जाती है, जो ब्लड प्रेशर बढ़ाकर दिल पर एक्स्ट्रा बोझ डालती है।

# आयुर्वेद की इन 5 आदतों से बढ़ाएं Immunity, सर्दी-जुकाम और बीमारियां रहेंगी दूर



आजकल कम उम्र से ही लोगों को बीपी, पेट की बीमारी, डायबिटीज, तनाव और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से घिरे रहते हैं। खासकर सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और स्किन संबंधी परेशानियां तेजी से बढ़ जाती हैं। पहले के समय में लोग कम बीमार पड़ते थे और शरीर में ताकत होती थी। उन लोगों की इम्यूनिटी मजबूत रहती थी और मानसिक रूप से भी लोग अधिक हेल्दी नजर आते थे। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्थिति बिल्कुल उलट हो गई है। कम उम्र से ही लोगों को बीपी, पेट की बीमारी,डायबिटीज, तनाव और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से घिरे रहते हैं। खासकर सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और स्किन संबंधी परेशानियां तेजी से बढ़ जाती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो इन बीमारियों के होनी की सबसे बड़ी वजह हमारी बिगड़ती लाइफस्टाइल है। लेकिन आयुर्वेद में स्वस्थ जीवन के लिए सही लाइफस्टाइल फॉलो करना बेहद जरूरी है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक का ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए आपको उन आयुर्वेदिक आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सर्दियों में पालन करने से आप बड़ी से बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं।

**कितने बजे उठें**

आयुर्वेद में सुबह जागने का सबसे अच्छा समय ब्रह्म मुहूर्त यानी सुबह 04 से 04:30 बजे माना गया है। लेकिन सूर्योदय से पहले किसी भी हाल में बिस्तर छोड़ दें। नैतिक क्रियाएं करने के बाद धूप निकलने पर योग, हल्का व्यायाम और प्राणायाम आदि करना सर्दियों में बेहद फायदेमंद होता है। ऐसा करने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।

**कैसी होनी चाहिए दिनचर्या**

सर्दियों के मौसम में गुनगुने पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। आयुर्वेद में नहाने से पहले तिल या फिर सरसों के तेल से मालिश करना लाभकारी माना जाता है। इससे स्किन का रूखापन, जोड़ों के दर्द और थकान से राहत मिलती है। मालिश करने के बाद गुनगुने पानी से नहाने से शरीर तरोताजा महसूस करता है।

वहीं सुबह का नाश्ता 08 से 09 बजे के बीच करना चाहिए। सर्दियों में दूध, दलिया, घी लगी रोटी, पोहा, मूंग दाल का चीला और उपमा जैसी गर्म और पौष्टिक चीजों का सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही अखरोट, बादाम और किशमिश जैसे सूखे मेवे डाइट में शामिल करना चाहिए, इससे आपके शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है।

**लंच और डिनर**

आपको दोपहर का खाना 12 से 1 बजे के बीच करना चाहिए। आयुर्वेद के मुताबिक इस समय पाचन अग्नि समय सबसे मजबूत होती है। दोपहर में घर का बना खाना खाएं। दोपहर के खाने में दाल, मौसमी सब्जियां, रोटी, चावल, घी और छाछ को शामिल करना चाहिए। सर्दियों में ज्वार, बाजरा और मक्के की रोटियां खाने से शरीर अंदर से मजबूत बनता है। वहीं शाम को 4 से 5 बजे के बीच हल्का नाश्ता कर सकते हैं। रात को हमेशा हल्का और समय पर 6 से 7 बजे तक भोजन कर लेना चाहिए।

**रात में सोने का समय**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एक सामान्य व्यक्ति के लिए 7-8 घंटे की नींद जरूरी होती है। इसलिए रात को 10 बजे से पहले सो जाना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में देर रात तक टीवी या मोबाइल देखने से शरीर कमजोर होता है। वहीं आयुर्वेदिक दिनचर्या को नियमित रूप से अपनाने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही पेट से जुड़ी बीमारियां धीरे-धीरे खत्म होने लगती हैं। मानसिक तनाव, सुस्ती, थकान और चिड़चिड़ापन आदि से भी राहत मिलती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682